# 'राजस्थान में वीरांगनाओं के आत्म सम्मान व बलिदान की गौरव गाथाएं अमर हैं'

## सिरे मंदिर धाम स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर की वर्षगांठ पर महायज्ञ और धर्मसभा का आयोजन



जालोर में सिरे मंदिर धाम पर आयोजित धर्मसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया गया।

■ गोरक्षधाम गोरखपुर के मठाधीश एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भैरूनाथ अखाड़े के महंत पीर गंगानाथ महाराज सहित कई संत मौजूद रहे

**जालोर,** (कासं)। जालोर के सिरे मंदिर धाम स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को गोरक्षधाम गोरखपुर के मठाधीश एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भैरूनाथ अखाड़े के महंत पीर गंगानाथ महाराज की उपस्थिति में महायज्ञ और धर्मसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति देकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातियां समाज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने का माध्यम है, लेकिन जातिवाद उस व्यवस्था को विकृत कर देता है। भारत में जन्म लेना दुर्लभ है और मनुष्य के रूप में जन्म लेना उससे भी अधिक दुर्लभ है। दुनिया में करीब 200 देश हैं, लेकिन भारत जैसा देश कहीं नहीं है।

योगी ने सिरे मंदिर की बारीक कारीगरी को अद्भुत बताते हुए कहा कि महाराजा मानसिंह ने शिलालेखों के माध्यम से यहां के इतिहास को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने सिरे मंदिर की कारीगरी को दुर्लभ बताया। इसे देश दुनिया देखने आती है। यह कला ईश्वर की देन है। जोधपुर के महाराजा नरेश मानसिंह ने शिलालेखों पर इतिहास को सहेजा है। उस समय मानसिंह ने 3 लाख 51 हजार रुपए खर्च किए थे, जो आज के समय में करोड़ों रुपए के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि जौहर राजस्थान की परंपरा का तेज है, जिसने वीरांगनाओं के आत्म सम्मान और बलिदान की गौरवगाथा को अमर किया। जालोर में भी अलाउद्दीन खिलजी के समय और उसके बाद भी जौहर की परंपरा देखने को मिली है। यह परंपरा वीरों और वीरांगनाओं के बलिदान से बनी है।

योगी ने कहा कि धर्म समाज को जोड़ने का माध्यम होना चाहिए। जातियां समाज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने का माध्यम हैं, लेकिन जातिवाद उस व्यवस्था को विकृत कर देता है। इस अवसर पर जालंधर नाथ जी की धन्य धरा पर अति प्राचीन रत्नेश्वर महादेव मंदिर के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्म सभा में भैरुनाथ जी अखाड़े के महंत पीरजी गंगानाथ महाराज, गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज, बाबा मस्तनाथ पीठाधीश्वर एवं तिजारा के विधायक योगी बालकनाथ महाराज, महंत योगी नरहरि नाथ महाराज, योगी संध्यानाथ महाराज, योगी डॉक्टर गिरवरनाथ महाराज, योगी रूपनाथ, योगी केशवनाथ, काशीनाथ महाराज, महंत रामनाथ, पंचम नाथ महाराज, सुंदरईनाथ महाराज, योगी कमलनाथ, नारायणनाथ महाराज, मंगलाईनाथ महाराज, योगी विक्रमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी ईश्वर नाथ, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग समेत कई साधु संत उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन व्यवस्थापक पारसमल परमार और नरपत आर्य ने किया। साथ ही पारसमल परमार ने सिरे मंदिर में गुरु परम्परा की पूरी जानकारी दी। मंदिर समिति और शहर व ग्रामीण लोगों की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

# बोलेरो जीप से 42 कार्टन शराब जब्त, दो गिरफ्तार




सदर थाना पुलिस ने बोलेरो जीप से शराब बरामद की।

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक बोलेरो जीप से 42 कार्टन शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

सदर थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसआई प्रवीण सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने कल्याणपुर से माधुगामडा जाने वाली मुख्य सड़क पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक बोलेरो कार को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर से पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने बोलेरो की तलाशी ली, जिसमें अवैध रूप से किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर और अन्य अंग्रेजी शराब के कार्टन भरे हुए मिले। पुलिस ने बोलेरो से 42 कार्टन शराब बरामद की। ड्राइवर के पास शराब के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इस पर पुलिस ने शराब के साथ बोलेरो जीप को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने मौके से फतेहलाल पुत्र शंकरजी मीणा निवासी सदकडी थाना सेमारी जिला उदयपुर और महेन्द्र सिंह पुत्र किशोर सिंह निवासी कल्याणपुर थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है।

जब्त की गई शराब में बीयर की 410 बोतलें, व्हिस्की के 264 पव्वे और देसी शराब के 96 पव्वे शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस दोनों गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही हैद्ध ताकि तस्करी के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

# भरतपुर में घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग करने पर चार जगह दबिश दी

■ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नौ सिलेंडर जब्त किए, जब्त किए गए सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था

**भरतपुर,** (निसं)। शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए चार स्थानों पर छापेमारी की और 9 सिलेंडर जब्त किए। जब्त किए गए सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। इन मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला रसद अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि भरतपुर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की सभी उपभोक्ताओं तक पहुंच को सुनिश्चित किया जा रहा है। हमारे यहां घरेलू गैस की जो सप्लाई है, बिलकुल नियमित है। आज भी हमारे पास प्रातः काल 6,800 सिलेंडर लोगों को वितरण करने के लिए उपलब्ध थे, जिनका आज वितरण हुआ है। इसके अलावा घरेलू गैस का कोई दुरुपयोग न हो, इसके लिए जिला स्तर पर जिला प्रवर्तन जांच दल का गठन किया गया है। वह हर स्तर पर जाकर घरेलू गैस की आपूर्ति पर निगरानी रखे हुए है। इसके अलावा घरेलू गैस के दुरुपयोग करने के संबंध में भी जांच की जा रही है। भरतपुर शहर में जिन लोगों के द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग किया जा रहा है, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। आज चार स्थानों पर घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जिसमें चार स्थानों पर 9 सिलेंडरों को जब्त किया गया, जिसके तहत कार्रवाई की जाएगी।

## हिस्ट्रीशीटर पर धमकी का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मंडोर स्थित नयापुरा क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने जान की धमकी दी है। उसे वसूली के लिए धमका रहे हैं। आरोपियों में एक मंडोर थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। इनके बीच में आपसी लेनदेन का विवाद होना भी बताया जाता है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज किया है।

थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि नयापुरा मंडोर निवासी रमेश कुमार पुत्र गुलाबराम सुथार की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसे पवन सोलंकी, नरेंद्र सिंह एवं महिपाल सिंह आदि जान की धमकी दे रहे हैं। उसे कॉल कर रूपयों की वसूली के लिए धमकाया जा रहा है। थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि परिवादी रमेश सुथार औ पवन सोलंकी के बीच में वर्ष 2017-18 में आपसी लेनदेन हुआ था, जोकि काफी रूपए थे।

## सूने मकानों से लाखों के जेवर और नगदी चुराई

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पूर्व एवं पश्चिम में नकबजनों ने दो सूने मकानों में सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवर और नगदी चुरा ली। संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

झंवर पुलिस ने बताया कि कुमारिया नाड़ा बड़ला नगर निवासी मनीष पुत्र हीराराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि दोपहर करीब 1 से 3 बजे के बीच उसके घर पर चोरी हुई। घटना के समय परिवार के सदस्य जीरे की फसल के लिए खेत पर गए हुए थे। इस बीच घर सूना था और चोर दिनदहाड़े दाखिल हुए। चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर आए और कमरे में रखी तिजोरी का लॉक तोड़ दिया। जहां रखी डेढ़ तोला सोने की कंठी, एक तोला सोने का बोरिया तथा पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सूचना पर झंवर पुलिस ने मौका मुआयना किया। दूसरी तरफ मूलत : पीपाड़शहर के रतकुड़िया हाल शिव शक्ति नगर, नांदड़ी में किराए पर रहने वाली गुड्डी देवी पत्नी सीताराम जाट ने रिपोर्ट दी कि उसके घर में चोरों द्वारा सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ले गए।

**किसान की मौत :** -उदयपुर में कुएं में डूबने से किसान की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में वल्लभनगर थाना क्षेत्र करणपुर घाटी तलाई निवासी खेमराज (39) पुत्र ठाकरू मीणा की कुएं में डूबने से मौत हो गई। खेमराज खेत पर फसल को पानी पिलाने के लिए मोटर चालू करने गया। इस दौरान पांव फिसलने पर कुएं में गिरने से डूबने पर उसकी मौत हो गई।

## 15 लाख के गहने व्यापारी ने किसान को लौटाए

**पाली,** (निसं)। खैरवा गांव में अनाज व्यापारी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। अनाज व्यापारी ने सच्चाई की मिसाल पेश करते हुए गेहूं के कट्टे में मिले किसान के करीब 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने सुरक्षित वापस लौटा दिए। यह मामला पाली जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित खैरवा गांव का है। यहां रहने वाले अनाज व्यापारी मांगू खान ने करीब 15 दिन पहले गांव के किसान घीसाराम घांची से 50-50 किलो के दो गेहूं के कट्टे खरीदे थे। उस समय किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि इन कट्टों में गेहूं के साथ कीमती गहने भी रखे हुए हैं। किसान की पत्नी ने घर के गहने सुरक्षित रखने के लिए गेहूं के कट्टे में छिपा दिए थे लेकिन बाद में किसान ने अनजाने में वही कट्टे अनाज व्यापारी को बेच दिए।

# पुष्कर : यज्ञ में भाग लेने आए लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

## 10-12 से ज्यादा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, दो की हालत गंभीर



चिकित्सकों ने अस्पताल में घायल बटुकों का इलाज किया।

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के पुरुहूता पहाड़ी स्थित चामुंडा माता मंदिर के दर्शन कर वापस पहाड़ी से वापसी के दौरान 10 से ज्यादा ब्राह्मण पंडितों पर मधुमक्खियों ने हमला कद दिया। इससे 10-12 से ज्यादा ब्राह्मण बटुक घायल हो गये। घायलों को पुष्कर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार रेस्क्यू कमेटी के अमित भट्ट, सावरा शर्मा समेत कई जनसेवक मधुमक्खियां के हमले से घायल ब्राह्मण पंडितों को पहाड़ी से रेस्क्यू करके उपचार के लिए नीचे उतारा और 108 सेवा वाहन से पुष्कर अस्पताल पहुंचाया गया। पुष्कर अस्पताल में 10 से 12 घायल वेद पंडितों को चिकित्सा दी जा रही है। इलाज के दौरान अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गौरतलब है कि पुष्कर में 43 दिवसीय चल रहे गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में भाग लेने के लिए यूपी, एमपी समेत कई राज्यों से बटुक ब्राह्मण पंडित हवन यज्ञ में भाग लेने आए हुए हैं।

सोमवार दोपहर को 10-15 ब्राह्मण पंडित चामुंडा माता पुरुहूता पहाड़ी दर्शन करने गए थे। दर्शन कर लौटने के दौरान पहाड़ी पर मधुमक्खियों ने पंडितों पर हमला कर घायल कर दिया, जिसके चलते कई ब्राह्मण पंडित पहाड़ पर ही बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने पुष्कर की जनसेवा करने वाली रेस्क्यू टीम के लोगों को सूचना दी, जिसके चलते रेस्क्यू टीम ने घायल पंडितों को पहाड़ी से नीचे उतारकर पुष्कर अस्पताल पहुंचाया।

# अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लगी

■ ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों और पानी के टैंकरों की सहायता से आग को फैलने से रोकने के प्रयास किए

**चिड़ावा,** (निसं)। क्षेत्र के बारी और भामरवासी गांव की सीमा पर सोमवार को एक खेत में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पास ही खड़ी गेहूं की पकी हुई फसल को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि समय रहते सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना बारी का बास निवासी अजय और अनिल बराला के खेत की है। दोपहर के समय अचानक उठी आग की लपटों ने खेत के बड़े हिस्से को कवर कर लिया। चूंकि गेहूं की फसल पूरी तरह पक कर तैयार थी, इसलिए सूखी फसल ने तेजी से आग पकड़ ली। धुएं का गुबार देखकर आस-पास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके की ओर दौड़े। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही चिड़ावा, पिलानी और बगड़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि आग बुझाने में थोड़ी भी देरी होती, तो तेज हवाओं के कारण यह आस-पास के अन्य खेतों की सैकड़ों बीघा फसल को स्वाहा कर सकती थी।

हादसे की खबर मिलते ही बारी, भामरवासी और आस-पास के ढाणियों से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों और पानी के टैंकरों की सहायता से भी आग को फैलने से रोकने के प्रयास किए। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन इस घटना में किसान को आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

## मादक पदार्थ सहित दो गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला स्पेशल टीम ने बनेठा कस्बे में छापामारी करते हुए रिंकेश पुत्र रोहित सांसी व अफसर पुत्र इशाक मोहम्मद को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब पांच लाख रुपए की 22 ग्राम स्मैक, एक किलो दस ग्राम गांजा और दो बाइक जब्त की है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि मुखबिर की मिली सूचना पर टीम ने बाइक पर सवार दो आरोपी जो टोंक से चौथ का बरवाड़ा जा रहे थे, जिनसे पूछताछ के बाद मादक पदार्थ की बनेठा में सप्लाई करते हुए पकड़ लिया। इनकी तलाशी ली गई तो इनके पास पांच लाख की कीमत की 22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व 50 हजार रुपए की कीमत का 1 किलो 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं दो बाइक जब्त की गई।

# कैलादेवी का मेला शुरु, पहले दिन दो लाख से अधिक दर्शनार्थी पहुंचे

## यूपी, एमपी, हरियाणा, दिल्ली तक के पद यात्रियों की कतारें लगी हुई है



केलादेवी के चैत्र नवरात्रा मेले में दर्शनार्थियों ने मनौती मांगी।

■ मेले के शुभारंभ से पूर्व तीन दिन में करीब 3 लाख 50 हजार यात्री दर्शन लाभ ले चुके थे

**कैलादेवी/करौली,** (निसं)। उत्तरी भारत के सुप्रसिद्ध केलादेवी के चैत्र नवरात्रा मेले का शुभारंभ हो गया। शुभारंभ के पहले दिन सोमवार को मां कैलादेवी के करीब 2 लाख से अधिक दर्शनार्थियों ने ढोक लगाकर मनौती मांगी। वहीं मेले के शुभारंभ से पूर्व तीन दिन में करीब 3 लाख 50 हजार यात्री दर्शन लाभ ले चुके थे।

जानकारी के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष उत्तरी भारत का सुप्रसिद्ध लखखी मेले का सोमवार को शुभारंभ हुआ शुभारंभ के पहले दिन प्रातः चार बजे से यानी मंगल दर्शनों से लेकर रात नौ बजे तक दर्शनार्थियों की मां के मंदिर में दर्शनों के लिए कतारें लगी रही और लांगुरिया गीतों एवं मां के जयकारों के साथ दर्शनार्थी दर्शनों का लाभ लेते रहे। उधर मां कैला देवी के दर्शनों के लिए दूर दराज देश के कई प्रदेशों खास तौर से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली तक के पद यात्रियों की कतार कैला देवी से करौली, हिंडौन, बयाना, मासलपुर सर, मथुरा बड़ी सड़क मार्ग पर होकर मां केला देवी आस्था धाम पहुंचने लगी हुई है।पद यात्रियों की सेवा में केला देवी मंदिर ट्रस्ट और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। इनके अलावा क्षेत्र के भामाशाह और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा बाहर के भामाशाह लोगों ने पद यात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था, जलपान चाय-नाश्ता आदि के निशुल्क भंडारे जगह-जगह संचालित कर पद यात्रियों की सेवा में जुटे हुए देखे जा रहे हैं। केला देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा करौली केला देवी सड़क मार्ग पर दो विशाल भंडारे चालू कर रखे हैं। इनके अलावा करौली में कई स्थानों पर पद यात्रियों की सेवा में निशुल्क भंडारे भामाशाह और सामाजिक लोगों ने चला रखे हैं।

कैला देवी मंदिर ट्रस्ट के लीगल एडवाइजर और कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष सिंह ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधा दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेले के पहले दिन करीब 2 लाख दर्शनार्थी दर्शन लाभ ले चुके थे। उन्होंने बताया कि मेले से तीन दिन पूर्व से ही दर्शनार्थियों की दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ी इन तीन दिनों में करीब 3 लाख 50 हजार दर्शन लाभ ले चुके थे।

मेला मजिस्ट्रेट प्रेमराज मीना ने बताया कि जिला कलैक्टर की देखरेख में कैला देवी मेले की व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन और केला देवी मंदिर ट्रस्ट पूर्ण रूप से मुस्तेदी से लगा हुआ है।

# विदेश से एमबीबीएस डिग्री वालों को दोबारा करनी होगी पढ़ाई

■ नेशनल मेडिकल काउंसिल ने विदेशी मेडिकल छात्रों को दोबारा ऑफलाइन क्लास लेने के आदेश दिए

**बीकानेर,** (निसं)। विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आए स्टूडेंट्स की लिए परेशानी खड़ी हो गई है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने विदेशी मेडिकल छात्रों को दोबारा ऑफलाइन क्लास लेने के आदेश दिए हैं। यदि ऐसा होता है तो स्टेस्ट मेडिकल काउंसिल परमानेंट रजिस्ट्रेशन नहीं देगी।

काउंसिल का आदेश है कि कोरोना पीरियड में जो पढ़ाई ऑनलाइन की गई थी, उसे अब फिजिकल ऑनसाइट क्लास और क्लिनिकल ट्रेनिंग लेनी होगी। एनएमसी सचिव डॉ. राघव लांगर की ओर से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्टेट मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को यह आदेश भेजा गया है। इधर, इस आदेश के बाद विदेश से डिग्री लेकर आए स्टूडेंट के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। इसे लेकर सोमवार को दिल्ली में एनएमसी के मुख्यालय पर स्टूडेंट्स एकत्र हो रहे हैं। ये स्टूडेंट्स एनएमसी के अधिकारियों से मिलकर नियम में छूट के लिए अपील करेंगे। वहीं इन आदेशों को लेकर स्टूडेंट्स ने एकजुट होने का आंदोलन छेड़ दिया है। जानकारी के अनुसार कोराना काल के समय ऑनलाइन पढ़ाई की गई थी। ऐसे में आयोग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिन विदेशी मेडिकल छात्रों ने अपने कोर्स का कोई हिस्सा ऑनलाइन माध्यम से किया है, उन्हें उसकी भरपाई के लिए फिजिकल ऑनसाइट (ऑफलाइन) क्लास और क्लिनिकल ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से करनी होगी।

# दोस्तों में आपसी विवाद के बाद चाकूबाजी

## मामले में आरोपी के पिता को पुलिस ने शांतिभंग में पकड़ा, आरोपी फरार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के विवेक विहार पुलिस थाना क्षेत्र के नंदवान गांव में दोस्तों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर घरेलु चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार दूसरे दोस्त की पीठ में लगा। उसे अस्पताल ले जाया गया और केस दर्ज किया गया। पीड़ित के भाई की तरफ से विवेक विहार थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई है। मामले में आरोपी के पिता को पुलिस ने शांतिभंग में पकड़ा है, मगर आरोपी हाथ नहीं लगा है।

विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि बेनिवालों का बास नंदवान निवासी बुधाराम पुत्र प्रतापराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई जेठाराम और ताराचंद आपस में दोस्त है। 14 मार्च की शाम को यह लोग साथ बैठे थे। तब किसी बात को लेकर विवाद हो गया और ताराचंद ने उसकी पीठ पर घर में रखे चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने बताया कि घायल को प्राथमिक उपचार करवाया गया। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। उसके पिता को पुलिस ने शांतिभंग में पकड़ा है। मामले में जांच एसआई सरोज लता की तरफ से की जा रही है।